# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं०953 ।। प्रेस विज्ञप्ति ।। दिनांक / Date 02/11/17

**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा रविवार दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को आयोजित की जा रही दो परीक्षाएं।**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा रविवार दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को पूर्वाह्न में 10 से 12 बजे के मध्य अवर अभियंता(विद्युत/यांत्रिकी)/अवर अभियंता(सिविल)/अवर अभियंता(सूचना प्रौद्योगिकी) के 295 पदों के लिए देहरादून एवं हल्द्वानी शहरों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसी तिथि को सायं की पाली में 2 से 4 बजे के मध्य कम्प्यूटर प्रोग्रामर–कम–ऑपरेटर पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा भी देहरादून एवं हल्द्वानी शहरों में आयोजित की गयी है।

अवर अभियंता पद के लिए आयोग द्वारा कुल 17219 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये है एवं कम्प्यूटर प्रोग्रामर–कम–ऑपरेटर पद के लिए कुल 8425 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये है।

अवर अभियंता पद की परीक्षा देहरादून में 25 केन्द्रों पर तथा हल्द्वानी में 10 केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर–कम–ऑपरेटर पद के लिए लिखित परीक्षा देहरादून में 10 केन्द्रों एवं हल्द्वानी में 5 केन्दों पर होगी।

आयोग द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर एक पर्यवेक्षक व एक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस/होमगार्ड की व्यवस्था व सभी केन्द्रो पर विडियोग्रॉफी की भी व्यवस्था की जा रही है। किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन, कैलक्यूलेटर व कोई अन्य गैजेट व्हॉटनर, फ्लूट या अन्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे इन सभी सामग्रीयों को परीक्षा केन्द्रों पर न लाये अथवा उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर निर्धारित स्थान पर ही रखे।

आयोग द्वारा प्रथम बार इन दोनों परीक्षाओं की उत्तर कुंजी (Answer key) भी परीक्षा के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद दिनांक 5/11/2017 को ही आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर सांय 5:00 बजे अपलोड कर दी जायेगी। इसके अनुरूप अभ्यर्थी प्रश्नों पर अपनी चुनौतियां दिनांक 13/11/2017 तक आयोग को उपलब्ध करा सकते है।

**तकनीशियन ग्रेड–2(विद्युत)/तकनीशियन ग्रेड–2(यांत्रिक) पद के प्रवेश पत्र जारी**

आयोग द्वारा दिनांक 12 नवम्बर, 2017 (रविवार) को तकनीशियन ग्रेड–2 के 171 पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए 4341 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। तकनीशियन ग्रेड–2(विद्युत) पद के लिए 3127 तथा तकनीशियन ग्रेड–2(यांत्रिक) पद के लिए 1214 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। सभी अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है। यदि किसी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी दूरभाष–0135–2669658 तथा ई–मेल chayanayog@gmail.com पर आयोग को सूचित कर सकते है।

2/11/17
(संतोष बडोनी)
सचिव।